तापमान
अधिकतम 26.9 डिग्री
न्यूनतम 5.3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 1 फरवरी 2025

12 जगाधरी रोड पर चला सफाई अभियान


12 आरटीए ने वाहन चालकों को बांटे हेलमेट


## खबर संक्षेप

### करहंस गांव में छह माह का भ्रूण मिला

**समालखा।** पानीपत के गांव करहंस में भूनन वाले मोहल्ले में स्थित वीरभान के मकान के पास एक खाली प्लॉट में छह माह के भ्रूण मिला है। वहीं ग्रामीणों ने देखा कि आवारा कुत्ते मृत भ्रूण को नोच रहे थे। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने महिला सरपंच सुखबीरी को दी। सरपंच ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को बुलाया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सामान्य अस्पताल भेज दिया। इधर, थाना प्रभारी दीपक ने बताया कि सरपंच सुखबीरी की शिकायत पर केस दर्ज कर इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत विराट नगर में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में बलदेव निवासी गांव कवि जिला पानीपत की मौत हो गई। घटना तीस जनवरी की रात करीब नौ बजे की है। वहीं बलदेव, महावीर कॉलोनी में किराए पर रहते थे। पुलिस ने बाइक राइडर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस ने मृतक की पत्नी परमजीत की शिकायत पर कमल निवासी गांव कवि पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रेन से कट कर मां व बेटी की मौत

**पानीपत।** में एक दर्दनाक रेल हादसे में 20 वर्षीय महिला और उसकी 10 माह की मासूम बेटी की मौत हो गई। घटना वीरवार की रात करीब साढे दस बजे की है। बताया जा रहा है कि महिला अपनी बेटी के साथ दवाई खरीदने जा रही थी। इधर, जांच अधिकारी सुरजीत के अनुसार ट्रेन के लोको पायलट ने बताया कि उन्होंने महिला को ट्रेन के सामने आते देखा और हॉर्न भी बजाया, लेकिन महिला ने नहीं सुना। जिससे वह बच्ची समेत ट्रेन की चपेट में आ गई। मृतक महिला की सास ने बताया कि उनकी बहू पैसे लेकर बच्ची की दवाई लेने गई थी। मृतक परिवार मूल रूप से बिहार का रहने वाला है और वर्तमान में पानीपत के 8 मरला चौक पर रह रहा था। जीआरपी पुलिस ने शवों का पोस्टमॉर्टम कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

# लुप्त हो रही संस्कृति को संरक्षित कर रहा सरस्वती महोत्सव

## हरयाणवी लोक कला ढेरु गाथा गायन को जीवंत रखने का काम कर रहे लोक कलाकार, सरस्वती के तट पर ढेरु गाथा गायन ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

हरियाणा की लोक कला और संस्कृति की लुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी कई विधाओं को संरक्षित करने का काम अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव कर रहा है। इस महोत्सव में ढेरु गायन गाथा, बीन बांसुरी जैसी लोक कलाओं को सरस्वती के पावन तट पर देखा जा रहा है। इस महोत्सव से न केवल लोक संस्कृति को जीवित रखने का प्रयास सरकार की तरफ से किया जा रहा है बल्कि लोक कलाकारों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करवाएं जा रहे है। अहम पहलू यह है कि सरस्वती के तट पर नगाड़ा पार्टी, बीन पार्टी, धमाल पार्टी के कलाकार हरियाणवी संस्कृति का रंग जमा रहे है। सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के साथ-साथ राज्य सरकार की तरफ से हरियाणा ही नहीं विभिन्न प्रदेशों की लोक संस्कृति को संरक्षित करने और कलाकारों को एक मंच मुहैया करवाने का काम अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के जरिए किया जा रहा है। इस महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों की लोक कला को पर्यटकों के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इन प्रदेशों के उन लोक नृत्यों को कलाकार प्रस्तुत कर रहे है, जो लोक कला लुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी है। पलवल से बीन पार्टी के लोक कलाकार करतार नाथ व पलवल के ही गांव मछरी से नगाड़ा पार्टी के लीडर चंद्र सिंह ने बातचीत के दौरान इस बात का खुलासा किया कि हरियाणा प्रदेश में गिनती के ही कलाकार ही बचे है जो बीन, तुम्बा, ढोलक, खंजरी बजा कर जोगी नाथ बीन सपेरा परम्परा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है। सभी कलाकार पारम्पकि वेशभूषा से सुसज्जित होकर बीन, तुम्बा, ढोलक, खंजरी बजाकर लोगों का मनोरंजन कर रहे है। यह महोत्सव लोक कलाकारों का एक बड़ा मंच बन चुका है। सरकार द्वारा इस प्रकार के कलाकारों को ओर अधिक प्रोत्साहित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव जैसे मंच उपलब्ध करवाने चाहिए। महोत्सव के शिल्प मेले के तीसरे दिन हरियाणा के विभिन्न गांवों के लोक कलाकारों ने सरस्वती के तट पर ढेरु गाथा गायन की प्रस्तुति देकर पर्यटकों को झुमने पर मजबूर कर दिया। इन लोक कलाकारों ने ढेरु गाथा गायन के जरिए गुरु गोरख नाथ जी की गाथा, जवाहर गोगा पीर की गाथाओं का गुणगान किया। इन लोक कलाकारों का कहना है कि यह लोक कला विलुप्त करने के कगार पर पहुंच चुकी है।







पिहोवा। सरस्वती मेले में प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### पर्यटकों ने खूब की खरीददारी

शिल्प मेले में पर्यटकों ने शुक्रवार को जमकर खरीदारी की है। एक तरफ जहां पर्यटक सरस्वती के तट पर खिली धुप में विभिन्न प्रदेशों के व्यंजनों का स्वाद चख रहे थे, वहीं अलग-अलग स्टालों पर जाकर खरीददारी भी कर रहे थे। इतना ही नहीं युवा वर्ग भी मेले में सेल्फी लेकर अपने आपको आनंदित महसुस कर रहा है। कार्यक्रम को लाईव दिखाने के लिए शिल्प मेले में डिजिटल बड़ी स्क्रीन लगाई गई है ताकि दर्शक स्टेज के कार्यक्रम भी वहीं से देख सकें। ये बड़ी डिजिटल स्क्रीन लोगों को बरबस आकर्षित कर रही हैं। डिजिटल स्क्रीन आरती स्थल के पास आरती के लाईव टेलीकास्ट के लिए लगाई गई है, जो सायं आरती के समय भव्य दृश्य प्रस्तुत करती है।

### महोत्सव के दौरान लगाए गए सरस मेले का पर्यटकों ने उठाया लुफ्त

अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में पर्यटक जमकर खरीददारी कर रहे है। गौरतलब है कि महोत्सव के दौरान युवा पीढ़ी को हमारी संस्कृति से परिचित करवाने के लिए सरस मेले का आयोजन भी किया गया है, जिसमें तीसरे दिन लोगों ने जमकर खरीददारी की। सरस मेले में खास बात यह रही कि युवाओं के भारी संख्या में सरस मेले का लुफ्त लेते दिखाई दिए। पर्यटकों ने गोहाना की मशहूर जलेबी, करारी बेलपूरी के साथ-साथ कई व्यंजनों के स्वाद चखे। सरस मेले में हरियाणा की संस्कृति को दशार्ती हरियाणवी ड्रेस पहने युवतियां हरियाणवी लोक नृत्य से नई पीढ़ी की बेटियों को अवगत करवाती दिखाई दी। महिलाओं ने खरीददारी के दौरान पंजाब के शिल्पकारों द्वारा तैयार की गई फुलकारी व कढाई वाले सूट खरीदे। पर्यटकों से जब बातचीत की गई तो पर्यटकों ने बताया कि सरस मेले के दौरान ऐसी बहुत सी वस्तुओं की दुकानें लगाई गई हैं, जिनका हमारी प्राचीन संस्कृति से नाता है इसलिए हम अपने बच्चों को अपनी प्राचीन संस्कृति की झलक दिखाने के लिए इस सरस्वती महोत्सव में लेकर आए है। युवाओं ने मेले के दौरान सरस्वती हेरिटेज बोर्ड द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# बिजली कर्मियों का एससी ऑफिस पर प्रदर्शन



पानीपत। मुख्य बिजली घर पर आंदोलन करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यू ▶▶| पानीपत

- जब तक कर्मचारियों की ड्यूटी के आर्डर कैंसिल नहीं किए जाते यूनियन प्रदर्शन करती रहेगी

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के बैनर तले अधीक्षक अभियंता के समक्ष बिजली कर्मचारियों ने अधीक्षक अभियंता के द्वारा कर्मचारियों की चंडीगढ़ ड्यूटी लगाने के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्कल सचिव सतेंद्र पूनिया ने की व संचालन सब अर्बन यूनिट सचिव शिव कुमार ने किया। राज्य के उप प्रधान जितेंद्र सैनी ने कहा कि बिजली विभाग की मैनेजमेंट ने कर्मचारियों की जान की परवाह करें बगैर कर्मचारियों की ड्यूटी चंडीगढ़ बिजली विभाग में लगाकर उन्हें मौत के मुंह में धकेला है। जिसका यूनियन पुरजोर से बहिष्कार करती है। जब तक कर्मचारियों की ड्यूटी के आर्डर कैंसिल नहीं किए जाते यूनियन प्रदर्शन करती रहेगी। सत्येंद्र पूनिया ने कहा कि अगर समय रहते आर्डर कैंसिल नहीं होते तो यूनियन आंदोलन को तेज करेगी और इससे अगर किसी भी प्रकार के कार्य में बाधा आती है तो इसका जिम्मेदार बिजली विभाग की मैनेजमेंट होगी। प्रदर्शन को प्रमोद शर्मा, विनोद कुमार, अमित, मदन रावल, कपिल, बलराम राणा, सुरेंद्र, दलेल शर्मा, हरिओम, धर्मवीर व नरेंद्र आदि नेताओं ने भी संबोधित किया।

# मजदूर यूनियन का बीडीपीओ ऑफिस पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

- मनरेगा बजट में वृद्धि, दैनिक मजदूरी 700 रुपए प्रति दिन करने मांग




पानीपत। अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन सनौली खुर्द बीडीपीओ ऑफिस पर प्रदर्शन करते हुए।

अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन जिला कमेटी पानीपत के नेतृत्व में सनौली खुर्द बीडीपीओ दफ्तर पर खेत मजदूर यूनियन जिला अध्यक्ष एडवोकेट दयानंद पंवार की अध्यक्षता में प्रदर्शन कर धरना दिया गया। प्रदर्शनकारियों को अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र ने संबोधित करते प्रधानमंत्री के नाम खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन का जिक्र करते हुए कहा मनरेगा बजट में वृद्धि, दैनिक मजदूरी 700 रुपए प्रति दिन, कार्य दिवस 100 से बढ़ाकर 200 करने, मनरेगा साइट 5 किलोमीटर से दूर होने पर 10% अधिक मजदूरी भुगतान सुनिश्चित किया जाए। काम करने के लिए कस्सी, तसले, गैंती आदि औजार प्रशासन/सरकार द्वारा उपलब्ध करवाए जाएं। मनरेगा के तहत नियमानुसार साप्ताहिक मजदूरी भुगतान सुनिश्चित किया जाए। मनरेगा प्रावधानों को गंभीरता से लागू करते हुए न्यूनतम मजदूरी की गारंटी सहित मनरेगा साइट पर पालना घर, स्वच्छ पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स, मौसम अनुरूप छाया आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मनरेगा मजदूरों को मांग आधारित रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मनरेगा साइट पर मृत्यु दुर्घटना मुआवजा राशि कम से कम दस लाख रुपए दिया जाए। महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती झांबा में पेयजल आपूर्ति, बिजली आपूर्ति सहित मूलभूत नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए। पत्थर गढ़ गांव में कब्रिस्तान की भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर कब्रिस्तान की चारदीवारी करवाई जाए। इस अवसर पर वहीं, ओमपाल, डॉ सुरेंद्र मलिक, राजपाल, राजेंद्र, दयानंद पंवार, ओमपाल, एसए ख़ान, सतपाल बजाज, भक्त रामदास, सीता राम, सुनील पत्थर गढ़, साबीर, सुमेर चंद, मुकेश, सोनू, संदीप, रोजू, मेहरु, इस्तखार, सनव्वर, अलीजान, मुस्तफा, उमरदीन, राजा बाबू, शकीला आदि मौजूद रहे।

# गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

जिले के बिलासपुर-प्रतापनगर रोड पर गांव मलिकपुर बांगर के पास गाड़ी की टक्कर लगने से बाइक सवार महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव मुजाफत खुर्द निवासी मोहम्मद हसन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वीरवार को अपनी 30 वर्षीय पत्नी जाशमीन के साथ बाइक पर किसी काम से बिलासपुर गया था। रात करीब सात बजे जब वह वापस घर लौट रहे थे तो गांव मलिकपुर बांगर के पास तेज गति से आ रही गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। आरोपी गाड़ी चालक मौके का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया। लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसकी पत्नी जाशमीन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# विद्यार्थियों का खेलों में भाग लेने से बढ़ता है मनोबल: डॉ शशि

- आईबी कॉलेज में राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ एवं गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय वसंतोत्सव रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव एलएन मिगलानी, कॉलेज प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, संयोजिका डॉ. सीमा की उपस्थिति में दीप-प्रज्जवलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता की मुख्य गतिविधियां- वसंतोत्सव पर पतंग बनाना व सजाना, फूल बंदोबस्त, उपहार बांधना, छाता सजावट व मिस्टर और मिस बसंत रहे। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. सीमा ने बताया कि कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा के दिशा निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित करवाया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों से लगभग 80 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इधर, पतंग बनाने में आईजी कॉलेज कैथल, द्वितीय आई. बी. पी.जी. महाविद्यालय, पानीपत, तृतीय गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज, यमुनानगर, सांत्वना पुरस्कार एपीआइआईटी पानीपत और माता सुंदरी खालसा कॉलेज, करनाल को मिला।



पानीपत।आईबी कॉलेज की प्राचार्य डॉ शशि प्रभा मलिक दीप जला कर खेलों का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# पुलिस अधिकारी व कर्मचारी कोर्ट में ऑन लाइन गवाही देंगे

- ऑन लाइन गवाही के लिए थानों में बनाए रिमोट पांइट रूम

पानीपत। देश में गत वर्ष एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो चुके है। नए कानूनों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में यह व्यवस्था भी की गई है कि न्यायालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भी गवाही हो सकेंगी। जिससे गवाह बिना कोर्ट में उपस्थित हुए डिजीटल माध्यम से गवाही दे सकता है। जिला पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली में इसे लागू करने के लिए पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में थानों के मुंशी व अनुसंधानकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें गवाही देने की प्रक्रिया समझा प्रशिक्षण दिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों को तकनीकी, कानूनी और व्यावहारिक पहलूओं पर गहन जानकादी दी, ताकि वे इस प्रक्रिया को सुगमता से अपनाकर गवाही प्रस्तुत कर सकें। वहीं, डीएसपी वत्स ने बताया कि इस नई व्यवस्था से पुलिसकर्मियों को गवाही के लिए न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से जाने की आवश्यकता नहीं होगी। जिससे उनका समय बचेगा और वे अपनी अन्य जिम्मेदारियों पर भी अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। ऑन लाइन गवाही के लिए जिला के सभी थाना में रिमोट प्वाइंट रूम तैयार किये गए है। इसमे टीवी स्क्रीन, स्पीकर, माइक, कैमरा, टेबल, कुर्सी इत्यादी की व्यवस्था की गई है। पुलिसकर्मी अब रिमोट प्वाइंट रूम में बैठकर अपनी गवाही डिजीटल तरिके से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत करेंगे।

**नमन किया** — वीरगति को प्राप्त हुए मेजर सोमनाथ शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

# मरणोपरांत परम वीर चक्र पाने वाले प्रथम व्यक्ति मेजर सोमनाथ शर्मा का श्रद्धापूर्वक मनाया जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- शहीद भगत सिंह मोर्चा ने आयोजित किया कार्यक्रम

शहीद भगत सिंह मोर्चा के तत्वावधान में शुक्रवार को कस्बा में मरणोपरांत परमवीर चक्र पाने वाले प्रथम व्यक्ति मेजर सोमनाथ शर्मा का जन्म दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मोर्चा के अध्यक्ष रणधीर चौधरी समेत गणमान्य ने वीरगति को प्राप्त हुए मेजर सोमनाथ शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

मोर्चा के अध्यक्ष रणधीर सिंह चौधरी ने बताया कि मेजर सोमनाथ शर्मा का जन्म 31 जनवरी 1923 को कांगड़ा में हुआ था। उनके पिता अमरनाथ शर्मा एक सैन्य अधिकारी थे। सोमनाथ शर्मा ने देहरादून के प्रिंस ऑफ वेल्स रॉयल मिलिट्री कॉलेज में दाखिला लेने से पहले शेरवुड कॉलेज नैनीताल में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की।

बाद में उन्होंने रॉयल मिलिट्री कॉलेज, सैंडहर्स्ट में अध्ययन किया। अपने बचपन में सोमनाथ शर्मा भगवत गीता में श्री कृष्ण और अर्जुन की शिक्षाओं से प्रभावित रहे। जो उनके दादा द्वारा उन्हें सिखाई गई थी। उन्होंने बताया कि 1942 में सोमनाथ शर्मा की नियुक्ति उन्नीसवीं हैदराबाद रेजिमेंट की आठवीं बटालियन में हुई।

### पाकिस्तानी घुसपैठियों को बेदखल करते समय वीरगति को प्राप्त हो गए

उन्होंने बर्मा में द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अराकन अभियान में अपनी सेवाएं दी। 1947 के भारत पाक युद्ध में भी लड़े और 3 नवम्बर 1947 को श्रीनगर विमान क्षेत्र से पाकिस्तानी घुसपैठियों को बेदखल करते समय वीरगति को प्राप्त हो गए। उनके युद्ध क्षेत्र में इस साहस के कारण मरणोपरांत परम वीर चक्र मिला। यह पहली बार था जब इसकी स्थापना के बाद किसी व्यक्ति को सम्मानित किया गया था। उन्होंने विद्यार्थियों को मेजर सोमनाथ शर्मा के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने के लिए आहवान किया।

# सिमरन ज्यूलर्स की दुकान से आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के कांसापुर स्थित सिमरन ज्यूलर्स की दुकान से तिजोरी में रखे 45 ग्राम के सोने के आभूषण चोरी हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की शिवपुरी कॉलोनी निवासी जोगिंद्र सैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कांसापुर में सिमरन ज्यूलर्स के नाम से दुकान है। वह वीरवार को दोपहर करीब 12 बजे दुकान से कुछ समय के लिए बाहर गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो दुकान के रखी तिजोरी खुली पड़ी थी। जांच करने पर तिजोरी में रखे आभूषण यायब थे। उसने आसपास काफी तलाश की लेकिन चोरों का कुछ भी पता नहीं चला।

उसने बताया कि चोरों ने तिजोरी में रखे करीब 45 ग्राम सोने के आभूषण चोरी किए हैं। जिनकी कीमत करीब दो लाख 60 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### करियाने की दुकान से पर्स चोरी

रादौर निवासी विनोद कुमार ने बताया कि उसकी मेन बाजार में करियाने की दुकान है। वीरवार को दोपहर दो बजे वह दुकान पर काम कर रहा था। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उसका पर्स चोरी कर लिया। जब उसे पर्स नहीं मिला तो उसने आसपास काफी तलाश की लेकिन पर्स का कुछ भी पता नहीं चला। उसने बताया कि पर्स में 15 हजार रुपये थे। उसने पर्स चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### अनाथालय की बेटियों का विवाह समारोह आज

**करनाल।** श्रद्धानंद अनाथालय में रहने वाली बेटियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़े रखने के लिए उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। विवाह की उम्र होने पर उनका रिश्ता एक अच्छे परिवार में किया जाता है। इसी कड़ी में श्रद्धानंद अनाथालय ट्रस्ट की ओर से दो फरवरी को विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। अनाथालय में रहकर संस्कार और अच्छी शिक्षा प्राप्त करने वाली बेटी रजनी का विवाह गुलशन गर्ग तथा राखी का विवाह मोहित मित्तल के साथ करवाया जाएगा।

### छात्रों को करवाया योगाभ्यास

**घरौंडा।** 'हर घर परिवार सूर्य नमस्कार' योगाभ्यास की श्रृंखला में प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह बागी के कुशल नेतृत्व तथा कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह के योग्य निर्देशन में राजकीय महिला महाविद्यालय, बसताड़ा प्रांगण में योग क्लब समन्वयक डॉ. सतीश कुमार के सार्थक प्रयासों से स्वामी विवेकानंद जयंती (12 जनवरी 2025) से महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती (12 फरवरी 2025) तक जारी पांचवें दिन का सूर्य नमस्कार एवं अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास किया गया।

### वार्षिक समारोह का आयोजन 9 फरवरी को

**घरौंडा।** ब्रह्मालीन परम पूज्य संत शिरोमणि बाबा बंसी वाले के पावन आर्शीवाद से वार्षिक समारोह 9 फरवरी को किया जायेगा। समाजसेवी अमरनाथ सेवा मण्डल पवन गुप्ता ने बताया की कार्यक्रम रविवार 9 फरवरी को सुबह 10 बजे शिव गुणगान अतिथि स्वागत 11 बजे, सहयोगी संस्थाओ का परिचय 12 बजे, प्रतिभोज 1,30 बजे घरौंडा की नई अनाज मंडी के कम्युनिटी सेंटर होगा,इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री जगदबा गुरूप के सी एम डी सतीश गोयल, विशिष्ठ अतिथि भाजपा नेता कविन्दर राणा ओ एस डी व सुभाष खुराना शिरकत करेंगे।

### विधायक ने दी अफसरों को नसीहत

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने मंत्री अनिल विज की नाराजगी के सवाल पर कहा कि मैं तो अपनी बात कह सकता हूं। हर अफसर मेरा काम कर रहे है। बड़े अच्छे तरीके व सुचारू रूप से कर रहे है। मुख्यमंत्री ने मीडिया के सामने भी कहा है कि करनाल मेरा दिल है और सीएम के सामने कोई अफसर इतनी हिमाकत नहीं कर सकता कि उनका दिल तोड़े। उनके प्रतिनिधि के तौर पर मैं यहां पर काम कर रहा हूं। अगर कोई अफसर मुख्यमंत्री जी के दिल को तोड़ने का प्रयास करेगा तो हमें उसका इलाज करना भी आता है।

### बच्चों स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

**नीलोखेड़ी।** नगरपालिका सचिव अजित कुमार के आदेशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के चलते प्रेरकों ने राजकीय प्राथमिक स्कूल के बच्चों व स्टाफ टीचरों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।गीला कचरा और सुखा कचरा अलग अलग करने के लिए प्रेरित किया। और आस-पास सफाई के लिए प्रेरित किया।

### पॉलिसी को लागू करने का फैसला वापस नहीं लेने पर आंदोलन की चेतावनी

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में भड़के बिजलीकर्मी

**बिजली निगम में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू करने के विरोध में कर्मचारियों ने गेट पर नारेबाजी की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। पावर हाउस इंद्री के प्रांगण मे गेट गेट मीटिंग करते कर्मचारी ।

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के राज्य कार्यकारिणी के फैसले अनुसार सब यूनिट इंद्री में बिजली विभाग में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू करने के विरोध में कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर नारेबाजी की । मीटिंग की अध्यक्षता महेश मेहता ने की व संचालन सब यूनिट सचिव संजीव मालिक ने किया । मीटिंग में मुख्य रूप से ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के राज्य सदस्य मलकीत सिंह, यूनिट सचिव व सर्व कर्मचारी संघ इंद्री के ब्लॉक प्रधान शंटी कांबोज व सब यूनिट प्रधान मनीष कांबोज मौजूद रहे । कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मलकीत सिंह, शंटी कांबोज,मनीष कांबोज ने कहा कि हरियाणा सरकार सभी विभागों में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू कर रही जिसके तहत बिजली विभाग में भी इसे लागू किया जा रहा है जिसका कर्मचारी विरोध कर रहे हैं । क्योंकि बिजली विभाग में कर्मचारी लाइनों पर लगातार जिन लाइनों पर काम करते हैं उन लाइनों की पूरी जानकारी होती है किस लाइन की कहा पर क्रॉसिंग है व किस लाइन पर काम करते समय किस किस लाइन पर परमिट लेना होता है उसकी पूरी जानकारी होती है । फिर भी कभी कभी हादसे हो जाते हैं मगर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में बिजली कर्मचारी किसी नई जगह पर काम करने के लिए जाएगा वहां पर लाइनों को जानने में काफी समय लगेगा जिस कारण काम करते समय ज्यादा हादसे होने का डर रहता है । इसलिए ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कार्यकारिणी ने इस पॉलिसी का विरोध करने का फैसला लिया है और जब तक बिजली विभाग में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लागू करने का फैसला वापिस नहीं लिया जाता कर्मचारी इसका विरोध करते रहेंगे ।




### ड्यूटी चंडीगढ़ लगाने के विरोध में प्रदर्शन

**करनाल।** हरियाणा के बिजली कर्मचारियों की ड्यूटी चंडीगढ़ में लगाने तथा निजीकरण के विरोध में ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने सब अर्बन सब डिवीजन मॉडल टाउन सबडिवीजन करनाल में गेट मीटिंग कर। मांगों को लेकर नारे लगाए गए। अध्यक्षता सब अर्बन सब डिवीजन प्रधान मोहन व विनोद की और संचालन सचिव महावीर सैनी ने किया। इस अवसर पर राज्य उपमहासचिव राजेंद्र राणा, राज्य सचिव सतीश, सीसी के नेता नरेश व सिटी यूनिट प्रधान अजीत सैनी सिटी ने कहा कि सरकार ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी एवं चंडीगढ़ बिजली विभाग का निजीकरण एवं हरियाणा के कर्मचारियों की ड्यूटी चंडीगढ़ लगाने के विरोध में आज एचपीसी वर्कर यूनियन ने सरकार की पॉलिसीयों के विरुद्ध गेट मीटिंग की।चंडीगढ़ के बिजली कर्मचारी प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके विरोध में एचपीसी वर्कर यूनियन लगातार निजीकरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही है। जब तक सरकार इस निजीकरण को बंद नहीं करती तब तक हर एक कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अपनी लड़ाई लड़ता रहेगा। अगर निगम प्रबंधन ने किसी भी कर्मचारी की ड्यूटी चंडीगढ़ में लगाई तो उसका यूनियन पूरा विरोध करेगी। इस अवसर पर राजेंद्र राणा, सतीश मान, अजीत सैनी,मोहन, मनीष कुमार, संदीप कुमार, संदीप लाइनमैन, विनोद कुमार लाइनमैन, रामतेज, कंवरजीत, कमलजीत, विकास, प्रदीप, हेमंत,प्रीति, रेनू, शिवांगी, काजल व डिंपल आदि मौजूद रहे।



### भगवान शिव की आरती कर मनोकामनाएं मांगी

**करनाल।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव प्रभात फेरी मंच की ओर से निकाली जा रही प्रभातफेरी शुक्रवार को सेक्टर 14 में पहुंची। सेक्टरवासियों ने भगवान शिव शंकर की आरती उतार कर मनोकामनाएं मांगी। श्रद्धालु ढोल की थाप पर जमकर थिरके और ऊँ नमः शिवाय का जाप भी किया। प्रभातफेरी मधु अग्रवाल के निवास से शुरू हुई और यहीं विश्राम लिया गया। भजन मंडली ने भोलेनाथ को रिझाने के लिए मधुर आवाज में भावपूर्ण भजन गाए। हर हर महादेव के जयकारे लगाते लोग भोलेनाथ की मस्ती में लीन हो गए। इस मौके पर मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में हर वर्ष मंच की से प्रभातफेरी निकाली जाती है। भगवान शिव की महिमा अपरंपार है।



इंद्री। दून पब्लिक स्कूल मुखाला इंद्री में योग करते स्कूली बच्चे।

### दून पब्लिक स्कूल में योग शिविर का आयोजन

**इंद्री।** दून पब्लिक स्कूल मुखाला इंद्री में विद्यार्थियों को योग की शिक्षा देने के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे योग शिक्षक विजय कांबोज ने बच्चों को योग, प्राणायाम, आसन से संबंधित जानकारी दी व बच्चों को विभिन्न प्रकार की योग क्रियाएं बताई । बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी योग क्रियाओं में भाग लिया । स्कूल की प्रधानाचार्य अनु कांबोज ने बच्चों को योग के महत्व और इसके संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि योग का हमारे दैनिक, शारीरिक, मानसिक, सामाजिक स्वास्थ्य के लिए जीवन में अमूल्य योगदान है। उन्होने कहा कि योग को अपनाकर मनुष्य स्वस्थ रह सकता है । इस अवसर पर स्कूल स्टाफ सदस्य सुखदेव शर्मा, रविंद्र शर्मा,राम रतन कांबोज,राजेंद्र कांबोज, प्रमोद गोयत, संदीप गर्ग, आशा शर्मा, नेहा शर्मा, रोमा, गीता, मीना,सीमा, रजनी,आरती विमल,मधु, विजेता, शगुन आदि अध्यापक मौजूद रहे।



इंद्री। बीआरसी कार्यालय इंद्री मे उल्लास सर्वेक्षण कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते अनिल सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

### उल्लास एप पर नव साक्षरों का करें पंजीकरण

**इंद्री।** बीआरसी कार्यालय इंद्री में उल्लास कार्यक्रम के तहत खंड शिक्षा अधिकारी डॉ.गुरनाम सिंह मंढान की अध्यक्षता में उल्लास सर्वेक्षण कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कोऑर्डिनेटर अनिल सैनी व सुभाष चंद्र ने सर्वेक्षण कर्ताओं को कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उल्लास ऐप पर सभी नव साक्षरों को पंजीकरण करने के लिए प्रेरित किया। बीआरपी रविंद्र शिल्पी ने कहां की किन्ही वजहों से अक्षर ज्ञान से वंचित लोगों को साक्षर बनाने का कार्य महत्वपूर्ण है । उन्होंने कहा कि हम सब को सभी गांव में स्वयं सेवकों,आंगनबाड़ी वर्कर्स, पंचायत जन प्रतिनिधियों और विद्यार्थियों की सहायता से निरीक्षकों को साक्षर करने का यह कार्य सफल करवाना चाहिए। इस अवसर पर सभी अध्यापकों ने इस कार्य को पूर्ण सहयोग करने का वचन दिया।

### अल्फा सिटी में युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**करनाल।** करनाल की अल्फा सिटी में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान मुरथल निवासी रघविंद्र सिंह के रूप में हुई है, जो करनाल में रहकर काम करता था। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि युवक को सांस लेने में परेशानी थी, लेकिन मौत की असली वजह क्या है, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। रघविंद्र सिंह करनाल की अल्फा सिटी के एक फ्लैट में किराए पर रह रहा था और वहीं पर काम भी करता था। बताया जा रहा है कि उसे पहले से सांस की बीमारी थी, जिसकी वजह से उसे कई बार तकलीफ होती थी।

# शिव शक्ति धाम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आनंद विहार में स्थापित शिव शक्ति धाम मंदिर में शुक्रवार को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ किया गया। कलश पूजन के बाद सैकड़ों की संख्या में महिलाएं सिर पर कलश उठाकर यात्रा में शामिल हुई। वहीं शिव शक्ति सेवा समिति मंडल के पदाधिकारी, सदस्य और आनंद विहार के लोग हाथों में जय माता दी, जय श्री राम और जय महाकाल लिखे ध्वज लेकर साथ-साथ चले। बैंड बाजे वालों ने ईश्वरीय गीतों की धुन बजाई। ढोल की थाप पर श्रद्धालु जमकर थिरके। विशाल कलश यात्रा को मानव सेवा संघ के संचालक स्वामी प्रेममूर्ती, पूर्व पार्षद जोगिंद्र शर्मा, रामनाथ वर्मा, राज कुमार चौहान, सूर्य मंदिर के प्रधान सुरेश कुमार यादव, पूर्व पार्षद रजनी परोचा, रामाश्रय कुशवाहा, संजीव कुशवाहा, रवीन शर्मा, अरूण कुमार, सिंह, संजय कुमार, कौशल कुमार, संजीव पासवान व घूरन मेहतो ने झंडी दिखाकर रवाना किया। दिवाकर प्रसाद और दिलीप कुमार ने मंच संचालन में भूमिका अदा की। कलश यात्रा हांसी रोड तक परिक्रमा कर वापस मंदिर में लौटी।

**छह दिन ये कार्यक्रम होंगे:** मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत एक फरवरी को जलाधिवास, पंचामृताधिवास, एवं आरती, दो फरवरी को पुष्पाधिवास, गंधाधिवास एवं आरती, तीन फरवरी को घृतावास, मधुधिवास एवं आरती, चार फरवरी को वस्त्राधिवास, मिठाधिवास एवं आरती, पांच फरवरी को फलाधिवास, द्रव्याधिवास एवं शय्याधिवास एवं मूर्ति नगर प्रक्रिमा तथा छह फरवरी को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, स्थापना एवं हवन तथा दोपहर को भंडारे का आयोजन।



### शिव कृपा से हुई मंदिर की स्थापना

इस मौके पर शिव शक्ति सेवा समिति मंडल के प्रधान राम ज्ञान सिंह ने कलश यात्रा में शामिल हुई महिलाओं व अतिथिगणों का आभार प्रकट किया। छह फरवरी तक मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। प्रतिदिन सायंकाल में माता की चौकी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें गायक महामाई का गुणगान करेंगे।

### मंदिर की प्रबंध समिति

प्रबंधन समिति में संरक्षक विश्वनाथ पाठक, प्रधान रामज्ञान सिंह, उपप्रधान दिलीप साह, महासचिव जितेंद्र कुमार, सह सचिव अभिषेक राज, सह सचिव रवीन शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार, ऑडिटर प्रभाष कुमार, प्रचार सचिव जितेंद्र ठाकुर, सह प्रचार सचिव नरेश कुमार, कानूनी सलाहकार कपिलदेव सिंह, सलाहकार निरंजन दास, मीडिया प्रभारी ओम कुमार, संगठन सचिव परमानंद कुमार, सह संगठन सचिव संजीव कुमार, बलविंद्र गुप्ता व उपेंद्र कुमार शामिल हैं।



### विद्यार्थियों को फायरिंग प्रशिक्षण प्रदान किया

**तरावड़ी।** राजकीय आदर्श संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तरावड़ी में सेवारत सुरक्षा प्रशिक्षण अधिकारी सेवानिवृत्ति भूतपूर्व सैनिक लाभ सिंह द्वारा विद्यार्थियों को फायरिंग प्रशिक्षण प्रदान किया गया। लाभ सिंह ने बच्चों को एयर पिस्टल और एयर राइफल से बच्चों को फायरिंग करना सिखाया। आत्म सुरक्षा पर व्याख्यान देते हुए हथियार को कैसे प्रयोग किया जाना है वह कौन-कौन सी सावधानियां रखी जानी चाहिए के बारे में अच्छे से विस्तार पूर्वक बताया गया। बच्चों ने भी प्रशिक्षण में विशेष रुचि दिखाई। इस मौके पर प्रधानाचार्य पवन कुमार ने भी फायरिंग प्रशिक्षण लिया व विद्यार्थियों को आत्म सुरक्षा के बारे में बताया काबिले गौर है कि इस प्रकार का प्रशिक्षण समय-समय पर बच्चों को दिया जाता है।



बच्चे फायरिंग प्रशिक्षण लेते हुए।

# विधायक भगवानदास कबीरपंथी के प्रयासों से निकासी व्यवस्था होगी दुरुस्त: पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी शहर के वार्ड नंबर-15 के पार्षद प्रतिनिधि लखविन्द्र ढिल्लो ने बताया कि वार्ड नंबर 15 में अंजनथली रोड पर 35 लाख रुपए की लागत से आर.सी.सी. नाले का निर्माण होगा। जिसके बाद निकासी व्यवस्था दुरूस्त होगी। उन्होंने बताया कि हल्के के विधायक भगवानदास कबीरपंथी के प्रयासों से नाले के निर्माण पर 35 लाख रूपए तथा वार्ड की नालियों व सडक़ों की मरम्मत पर 24 लाख रुपए खर्च होंगे। वार्ड नंबर-15 के पार्षद प्रतिनिधि लखविन्द्र ढिल्लो ने हल्के के विधायक भगवानदास कबीरपंथी का आभार जताते हुए कहा कि उन्हीं के आर्शीवाद से वार्डवासियों को समस्याओं से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में अंजनथली रोड पर काफी जलभराव हो जाता था, इसके बाद नालियों का पानी भी सडक़ों पर जमा हो जाता था। अब 35 लाख रुपए की लागत से जिस नाले का निर्माण होने से, उससे न केवल वार्डवासियों को अंजनथली रोड के दोनों तरफ दुकानदारों को भी फायदा मिलेगा। पार्षद प्रतिनिधि लखविंदर ढिल्लो ने बताया कि वार्डवासियों की राय के अनुसार नगर पालिका तरावड़ी के वार्ड नंबर-15 की पार्षद सलिंद्र कौर ने विकास कार्य में कोई कसर नहीं छोड़ी है।



### प्रताप पब्लिक स्कूल में मनाया शहीद दिवस

**तरावड़ी।** तरावड़ी स्थित प्रताप पब्लिक स्कूल में हाल ही में शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के ऐतिहासिक दांडी मार्च पर एक प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति की गई, जिसे कक्षा के छात्रों ने प्रस्तुत किया। छात्रों ने अपने शानदार अभिनय से इस ऐतिहासिक घटना को जीवंत कर दिया, जिससे दर्शकों को स्वतंत्रता संग्राम के महत्व और महात्मा गांधी के संघर्ष को समझने का अवसर मिला। उनकी प्रस्तुति न केवल रोचक बल्कि शिक्षाप्रद भी रही। इस मौके पर निर्देशिका पिथी चौधरी ने भी छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उनके समर्पण को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रधानाचार्य विकास कुमार ने भी छात्रों की शानदार प्रस्तुति की प्रशंसा की और उन्हें समाज के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

### रानी पदमावत सांग का मंचन

**घरौंडा।** शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा 23वे सामूहिक विवाह महोत्सव के अवसर पर 15 लड़कियों का विवाह करवाया जायेगा. इस अवसर पर हरियाणवी सांग के अंतिम दिन आज रानी पदमावत सांग का मंचन किया. इस अवसर पर आज के मुख्य अतिथि पाला राम नंबरदार बसी वाले, असलम खान, टेक चंद कैमला, प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन अनिल गोयत, गुरनाम सिंह रहे. उन्होंने कहा 2 फरवरी को होने वाले सामूहिक विवाह महोत्सव के अवसर पर सभी को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए. अवसर पर धीरज भाटिया ने बताया कि 2 फरवरी को मुख्य अतिथि हरविंद्र कल्याण स्पीकर विधानसभा हरियाणा रहेंगे और वशिष्ठ अ तिथि सुभाष तोमर मारकाबाद वाले रहेंगे।



इंद्री। विज्ञान प्रदर्शनी मे विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए माडल्स का अवलोकन करते प्रोफेसर।

### विज्ञान प्रदर्शनी मे विद्यार्थियों ने किए 35 मॉडल्स प्रस्तुत

**इंद्री।** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में महाविद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । महाविद्यालय के सात विभाग इसमें शामिल हुए । जिसमें भौतिकी, रसायन शास्त्र, पादप-विज्ञान, जीव-विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान , मनोविज्ञान और भूगोल विज्ञान शामिल हैं। प्रदर्शनी मे महत्वपूर्ण विषयों पर 35 मॉडल्स बनाये और प्रदर्शित किये गए। जिसमें 73 विद्यार्थियों की प्रतिभागिता रही । जिनमे केमिस्ट्री विभाग में आयुष व कल्पना ने प्रथम स्थान, खुशी व पायल ने द्वितीय स्थान तथा लविश व प्रतीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कंप्यूटर विभाग में जतिन व अनीश ने, फिजिक्स में सामिया व गुरप्रीत ने, जूलॉजी में रश्मी व तरुणा तथा बॉटनी विभाग में महक और अंजलि सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। मनोविज्ञान विभाग में प्रिया व सिमरन ने प्रथम स्थान, अंकिता व अनु ने द्वितीय स्थान, पायल व एकता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय में उपस्थित सभी प्राध्यापकों और छात्रों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी का आयोजन प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी के निर्देशानुसार व उप-प्राचार्य डॉ राजीव गुप्ता के नेतृत्व में किया गया।

### वालीबॉल प्रतियोगिता के ट्रायल कुरुक्षेत्र में 3 को

**करनाल।** जिला खेल अधिकारी सुधा भसीन ने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा वालीबॉल प्रतियोगिता (महिला एवं पुरुष) 2024-25 का आयोजन आगामी 14 से 18 फरवरी तक मेयर राधाकृष्णा स्टेडियम,एग्मोर चेन्नई में करवाया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडियों के ट्रायल का आयोजन व टीम का चयन 3 फरवरी को गुरू द्रोणाचार्य स्टेडियम, कुरूक्षेत्र में सुबह 10 बजे किया जाएगा। ट्रायल में भाग लेने, जाने/आने का व्यय तथा प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आने व जाने का व्यय संबंधित खिलाडियों के विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग / कार्यालय/जिला के अधिकारियों / कर्मचारियों को जो इस खेल के उत्कृष्ट खिलाड़ी हैं।

### करनाल शहर को बनाएंगे देश का सबसे ब्यूटिफुल सिटी

# युवा मिलकर शहर में लाएं स्वच्छता की क्रांति

- स्मार्ट सिटी को बनाएं स्वच्छ सिटी: डॉ. वैशाली शर्मा, निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम करनाल ने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की ठानी हैं। इसे लेकर अनेक प्रकार की गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन-शहरी टीम ने सेंट थेरेसा कॉंवेंट स्कूल में प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित किया। इसके तहत विद्यार्थियों व स्कूली स्टाफ को कचरा पृथ्थकरण, घर से ही गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करना, कचरे को डस्टबिन या कचरा संग्रहण वाहनों में डालना, गंदगी न करना, पांच प्रकार के डस्टबिन तथा अपने परिवार व आस-पास के लोगों को किस प्रकार स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पश्चात नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को करनाल शहर को स्मार्ट सिटी के साथ-साथ स्वच्छ सिटी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आओ हम सब मिलकर शहर में स्वच्छता की क्रांति लाएं, ताकि हमारे शहर का नाम देश के स्वच्छ शहरों में शुमार हो सके। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की थी। इसके परिणाम स्वरूप आज देश ने स्वच्छता की नई ऊंचाईयों को छुआ है और दुनिया का हमारे देश के प्रति देखने का नजरिया बदला है। उन्होंने विद्यार्थियों, अध्यापकों व स्टाफ से अपील करते कहा कि सभी अपने घर से ही स्वच्छता की शुरूआत करेंगे। घर में हरे व नीले रंग के दो डस्टबिन रखेंगे और उनमें गीला व सूखा कचरा अलग-अलग ही डालेंगे। उस कूड़े को नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहन में डालें। उन्होंने कहा कि आज आप जो भी सीख कर जा रहे हैं, उस जानकारी को अपने परिवार व आस-पास के लोगों से सांझा जरूर करें।




### यहां हुआ कार्यक्रम

सेंट थेरेसा कॉंवेंट स्कूल में नगर निगम ने आयोजित किया प्रशिक्षण सेमीनार, विद्यार्थियों को कचरा पृथ्थकरण और 5 प्रकार के डस्टबिन की दी जानकारी।

### विद्यार्थियों से किया स्वच्छता में सहयोग का आह्वान

विद्यार्थियों से कहा कि जिस प्रकार बच्चे स्कूल जाने के नाम पर या खेल-खिलौने लेने के लिए जिद्द करते हैं, उसी प्रकार आप भी अपने घर में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करने की जिद्द करें। उन्होंने कहा कि अपने घर में ही मटका या बाल्टी इत्यादि में गीला कचरा डालकर उसे खाद में परिवर्तित कर उसे गमलों या पेड़-पौधों में डाल सकते हैं। इससे कचरे की मात्रा घटेगी और शहर को स्वच्छ बनाने में मदद मिलेगी इस मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, सेंट थेरेसा कॉंवेंट स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर लविना पिंटो, उप-प्रधानाचार्या सिस्टर सुजाता तथा नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम के सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जनवरी में जन्मे बच्चों का जन्मदिन मनाया

**पानीपत।** जनवरी में जन्मे बच्चों के जन्मदिन जैन किड्स स्कूल में बहुत उत्साह के साथ मनाए गए। इस अवसर पर स्कूल को रंग-बिरंगे गुब्बारों,झालरों आदि से सजाया गया था। वहीं इस उत्सव में जीवंत संगीत और स्वादिष्ट केक भी शामिल था। बच्चों ने स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका सहगल और अन्य अध्यापिकाओं के साथ मिलकर केक काटा। बच्चों ने नृत्य, गायन और एक दूसरे के साथ बातचीत का आनंद उठाया।

### छात्रवृत्ति के लिए परीक्षा कल

**पानीपत।** ज्ञान ज्योति परिवार आगामी शौष्णिक वर्ष 2025-26 के लिए कक्षा चौथी से आठवीं क्लास में पढ़ रही निर्धन व मेधावी लड़कियों को छात्रवृत्ति देने के लिए दो फरवरी को सुबह विक्टर स्कूल तहसील कैम्प पानीपत में लिखित परीक्षा का आयोजन करेगा। परीक्षा में लगभग 500 लड़कियां भाग लेंगी। इस लिखित परीक्षा में पास होने वाली लड़की व उनके माता पिता का साक्षात्कार लिया जाएगा ताकि उनकी आर्थिक स्थिति के बारे में पता लगाया जा सके। जो लड़किया चयनित की जाएंगी उन्हें ट्रस्ट की और से पांच सौ रुपये प्रति माह की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

### विज्ञान व अन्य रुचिकर विषय का अध्ययन करें

**पानीपत।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापौली में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन स्वयं सेविकाओं से मिलने व उनका मार्गदर्शन करने के लिए कालेज की ही रसायन विज्ञान विषय की एसिस्टेंट प्रो. डिम्पल मलिक तथा कॉमर्स की एसिस्टेंट प्रो. संगीता उपस्थित रही। उन्होंने कहा की सभी बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करें। विज्ञान तथा अन्य रुचिकर विषय का अध्ययन करें। विज्ञान के बल पर बहुत सारे रास्ते खुल जाएंगे।

### सट्टा खाईवाली करते पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस टीम ने कृष्णा गार्डन कॉलोनी में सट्टा खाईवाली कर रहे जमील पुत्र हमीदुर निवासी इस्लामपुर पश्चिम बंगाल हाल निवासी कृष्णा गार्डन को दाव पर लगी 1460 रुपये की नगदी सहित गिरफ्तार किया। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि आरोपी पर केस दर्ज किया गया है।

### पुलिस टीम ने दो चोर पकड़े, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना सदर पुलिस टीम ने धर्मगढ़ गांव में जेवर घोने के बहाने महिला की चांदी की पाजेब चोरी करने वाले दो आरोपियों गौरव व रितिका निवासी जमुनिया भागलपुर बिहार हाल किरायेदार पाल मार्केट रिफाइनरी को काबू किया है। थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर हरनारायण ने बताया कि इस केस में राकेश की शिकाय पर मुकदमा दर्ज है।

### पुलिस ने चोर पकड़ा चार बाइक बरामद

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने बाइक चोरी करने वाले शातिर चोर विकास उर्फ बीरी पुत्र चांदराम निवासी पाजू खुर्द जीन्द को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई चार बाइक बरामद की है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपी से बरामद बाइक की चोरी केस में थाना चांदनी बाग में गौरव पुत्र बृज मोहन निवासी गांव काबड़ी की शिकायत पर केस दर्ज है।

### गेस्ट टीचर हादसे में घायल

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना के रेलवे फाटक के पास दो बाइकों की टक्कर में दिल्ली में गेस्ट टीचर दीपक कुमार निवासी गांव कुराना जिला पानीपत गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दीपक का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### जनता की सेवा में जुटे हैं अधिकारी : मलिक

**पानीपत।** जिला सचिवालय में शुक्रवार को आयोजित किए गए जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र पाल मलिक ने कहा कि जिले के लोग पूरे विश्वास के साथ रोजाना जनता समाधान शिविर में पहुंचते हैं व अपनी समस्याओं का समाधान तत्काल करवाते हैं।

### 12 ज्योतिर्लिंग व 4 धाम व 12 शक्तिपीठ में जाएगी महासंगम यात्रा

# अंतराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद की महासंगम यात्रा का शुभारंभ

यात्रा के समापन पर दिल्ली में अन्दर महाशिवरात्रि पर एक विशाल आयोजन होगा। जिससे देश व दुनिया के प्रबुद्ध लोगों को इसमें निमंत्रण दिया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद की महासंगम यात्रा का शुभारंभ करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद द्वारा इतिहास में पहली बार 12 ज्योतिर्लिंग व 4 धाम व 12 शक्तिपीठ की महासंगम यात्रा का शुभारंभ राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग द्वारा दिल्ली के साउथ एवन्यू 67 में हवन व बाबा भोले नाथ के जयघोष के साथ किया। वहीं, बाबा भोलेनाथ शिवशंभू महादेव के 108 त्रिशूल, नरमदेश्वर महादेव शिवलिंग की 21 दिन की जलाभिषेक एवं पूजा के पावन पवित्र कार्यक्रम में संगम तट पर महाकुंभ के पावन पर्व पर विशेष आयोजन किया गया। इधर, डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि इस ऐतिहासिक यात्रा के संयोजक व अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री दीप सिहाग सिसाय के नेतृत्व में 108 शिवालयों के उत्थान एवं युवा पीढ़ी को जोड़ने के लिए हमारी 12 ज्योतिर्लिंग एवं चार धाम की यात्रा के साथ 108 त्रिशूलों, नरमदेश्वर महादेव शिवलिंग की 21 दिन नियमित जलाभिषेक एवं पूजा रोजाना सुबह शाम भंडारे के साथ शुरू हो चुकी है। इस दौरान दीप सिहाग सिसाय ने बताया कि यह यात्रा इतिहास में पहली बार अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद द्वारा चलाई गई है, यह यात्रा भारतीय इतिहास व संस्कृति के अनुसार 12 ज्योतिर्लिंग व 4 धाम व 12 शक्तिपीठ पर सभी जगह जाएगी व इस यात्रा का समापन दिल्ली के अन्दर महाशिवरात्रि के पावन पर एक विशाल आयोजन पर किया जाएगा। जिससे देश व दुनिया के प्रबुद्ध लोगों को इसमें निमंत्रण दिया जाएगा।

### पुलिस टीम ने ठगी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के एक आरोपी विकास यादव निवासी हैबतपुर मऊ यूपी हाल निवासी लखनऊ को गिरफ्तार किया है। विकास ने अपने साथियों के साथ मिल कर पानीपत निवासी व्यापारी विराट नगर माडल टाउन निवासी पीयूष गुप्ता से चावल बेचने के नाम पर ऑनलाइन 8 लाख 61 हजार रुपये की ठगी की थी। थाना साइबर क्राइम प्रभारी सब इंस्पेक्टर अजय ने बताया कि आरोपी विकास को कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### नकली शराब केस में दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने नकली शराब बनाने मामले में शामिल गिरोह के और दो आरोपियों जितेंद्र उर्फ जीता निवासी खलीला व असजद अहमद उर्फ समीर निवासी रतौल बागपत यूपी को गिरफ्तार किया है।

सीआईए टू और थाना समालखा पुलिस की सयुक्त टीम ने 22 जरवरी की देर रात को समालखा की सीताराम कॉलोनी में नकली शराब बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ करते हुए मौके से पट्टीकल्याणा निवासी आरोपी विकास व भूपेंद्र उर्फ निशांत को पकडा था।


**पानीपत।** आर्य कॉलेज में वर्कशाप में भाग लेते शिक्षाविद् व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## आर्य कॉलेज ई कंटेंट व मूक डेवलपमेंट पर हुई वर्कशॉप

- आज हर एक प्राध्यापक को नई-नई तकनीकों का ज्ञान होना बहुत ही आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य कॉलेज की आइक्यूएसी द्वारा ई कंटेंट व मुख डेवलपमेंट पर वर्कशॉप को आयोजन किया गया। इस वर्कशाप के आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने आइक्यूएसी के समन्वयक डॉक्टर सतवीर सिंह व सह समन्वय प्रोफेसर पंकज चौधरी को बधाई दी। इस वर्कशॉप में ओकी डॉकी कंपनी के आई टी प्रोफेशनल्स रमन शर्मा, विश्वास कुमार, सुल्तान सिंह ने शिरकत की। प्राचार्य डॉक्टर जगदीश गुप्ता ने इनका कॉलेज में पहुंचने पर स्वागत किया। इधर, प्राचार्य डॉक्टर जगदीश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा ई कंटेंट डेवलपमेंट आज के डिजिटल युग की आवश्यकता बन चुका है ई-कंटेंट डेवलपमेंट से हम किसी भी समय कहीं पर भी कुछ भी सीख सकते हैं आज हर एक प्राध्यापक को नई-नई तकनीकों का ज्ञान होना बहुत ही आवश्यक है इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कॉलेज की आइक्यूसेल द्वारा समय-समय पर इस तरह की वर्कशॉप का आयोजन किया जाता है। प्रोफेसर डॉ. सतवीर सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा की कंटेंट डेवलपमेंट व मूक न केवल बनाना आवश्यक है बल्कि कैरियर एडवांसमेंट स्कीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी है। इस वर्कशॉप में कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह, डॉ. गीतांजलि धवन, कॉमर्स के विभाग अध्यक्षा डॉ. मधु गाबा, डॉ. बलकार सिंह, डॉ. मनीष डुडेजा, प्रोफेसर आस्था गुप्ता, डॉ. शिवनारायण, डॉ. रमेश सिंगला, प्रोफेसर उमेद सिंह आदि उपस्थित रहे।

## इन्नर व्हील मिडटाउन की सेवाएं प्रशंसनीय : आजाद

- क्लब चार्टर प्रधान कंचन सागर ने अतिथियों का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** इन्नर व्हील पानीपत मिडटाउन क्लब प्रधान डा. अनु कालड़ा, गुलाम नबी आजाद को स्मृति चिंह भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

इन्नर व्हील पानीपत मिडटाउन क्लब प्रधान डा. अनु कालड़ा द्वारा अपने इस वर्ष के संकल्प में जो सामाजिक उत्थान का बीड़ा उठाया था उसी कड़ी में हुडा सेक्टर 25 स्थित हाली अपना स्कूल को बच्चों की शिक्षा सामग्री व खेलों के लिए टीटी टेबल, जम्पिंग जिम, स्लाइड्स खिलौने व वाइट बोर्डस आदि समान भेंट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने अपनी पुत्री सोफिया, वीरेंद्र पाल शाह, गांधी ग्लोबल परिवार के महासचिव राम मोहन राय आदि उपस्थित रहे। इधर, क्लब चार्टर प्रधान कंचन सागर ने अतिथियों का स्वागत किया। वहीं आजाद ने महात्मा गांधी व निर्मला दीदी देशपांडे की प्रतिमाओं के अनावरण के साथ माल्यार्पण किया। इधर, आजाद ने निर्मला देशपांडे संस्थान और इन्नर व्हील क्लब द्वारा किए रहे कार्यों की सरहाना की। उन्होंने डा. अनु कालड़ा की सभी को साथ ले कर काम करने की कार्य शैली की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में क्लब की सचिव स्वाति गोयल, सम्पादिका रितिका गर्ग, प्रोजेक्ट सहयोगी सुमेधा गुलाटी, पूजा अनेजा, गोविंद्र कालडा, गांधी स्मारक निधि की अध्यक्ष निर्मल दत्त व दीपक कथूरिया व विद्यालय की प्रिंसिपल प्रिया लूथरा आदि उपस्थित रहे।

## इलेक्ट्रोनिक बसों में भी मान्य होंगे छात्रों के पास

- जिला सड़क सुरक्षा कमेटी और स्कूल सुरक्षा वाहन पोलिसी की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** जिला सचिवालय में बैठक करते हुए उपायुक्त व विधायक प्रमोद विज आदि अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

जिला सचिवालय में शुक्रवार को जिला सड़क सुरक्षा कमेटी और स्कूल सुरक्षा वाहन पोलिसी की महत्वपूर्ण बैठक उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र दहिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उपायुक्त ने बैठक कहा कि जिले में अगले महीने इलेक्ट्रोनिक बसों की संख्या और बढ़ेगी इससे जाम की स्थिति कम होगी व बच्चों व स्कूली विद्यार्थियों को इन बसों में लोकल स्तर पर पास उपलब्ध करवायें जाएंगे ताकि जाम की स्थिति न हो। उन्होंने कहा कि नए बस अड्डे से पुराने बस अड्डे तक आने वाली बसों में जो बस संचालक तेल डलवाने को लेकर पहुंचते है उन्हें कायदे अनुसार तेल डलवाना चाहिए। अन्यथा प्रशासन द्वारा उनके चालान किए जाएंगे। वे एक बार में ही क्षमता अनुसार बसों में तेल डलवाएं बार बार बसों को पुराने बस स्टैंड पर न लेकर आएं। उपायुक्त ने खादी आश्रम के साथ वाले ओवरब्रिज की साफ सफाई करने व शहर के बाहर स्पीड के बड़े बड़े बोर्ड जिन पर मोटे अक्षरों में लिखा हो पानीपत में सीसीटीवी कैमरे से चालान होते है के बोर्ड आपका स्वागत करते है संबंधित विभाग के अधिकारी लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि शिव नगर में लगने वाली अस्थाई मार्केट को हुडा सेक्टर 13-17 में खाली पड़ी जगह पर लगाने व एक क्रेन खरीदने व एक क्रेन को निगम से खरीदने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को एनएच 44 की रोड वाईडनिंग को यथा शीघ्र संपन्न करवाना सुनिश्चित करें ताकि अनावश्यक ट्रैफिक व दुर्घटनाओं से बचा जा सकें। उपायुक्त डॉ. दहिया ने सिवाह के पास नहर के साथ रेलिंग लगाने, एनएच 709 बरसाती नाले को दुरस्त करने, काबड़ी मार्ग के गढढे को दूर करने, मलिक पट्रोल पंप से महाराजा अग्रसेन चौंक तक रोड को दुरस्त करने के निर्देश दिए।

### स्पीड ब्रेकर लगवाने के कार्य में तेजी लाएं

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्राम पंचायत मछरौली की मांग पर स्पीड ब्रेकर लगवाने को कार्य को लेकर और तेजी लाएं। स्कूल व परिवहन विभाग की बसों के ड्राइवरों के ड्रग टेस्ट करें व पुराने वाहनों को तीन स्थानों पर ईम्पाउंड करना सुनिश्चित करें। जिसमें हुडा सेक्टर 13-17, पुराना शुगर मील व पुल के नीचे जगह सुनिश्चित करें। बैठक में पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने शहर में चलने वाले 10 हजार वाहनों के लिए अलग अलग स्टोप बनाने को लेकर भी विचार विमर्श किया। इधर, एसपी लोकेन्द्र सिंह ने बैठक में कहा कि शहर के जाम से मुक्ति दिलवाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को बड़ी जिम्मेदारियां दी गई है ताकि शहर में किसी भी तरह की जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

## पानीपत में नहर से यमुना में बह रहा प्रदूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** आप नेता यमुना में बह रहे प्रदूषित पानी को दिखाते हुए। फोटो :हरिभूमि

आम आदमी पार्टी जिला पानीपत के एक प्रतिनिधिमंडल ने आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र अहलावत के नेतृत्व में मीडिया कर्मियों को समालखा हलके के खोजकीपुर गांव से यमुना में गिरने वाली ड्रेन नम्बर दो के प्वाइंट का दौरा करवा कर यमुना में डाले जा रहे केमिकल युक्त कचरे वाला गंदा पानी को दिखाकर वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। इस अवसर प्रतिनिधिमंडल में उनके साथ आम आदमी की पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर नरेंद्र जेसिया, अजय सिंगला, जसबीर कादयान व यशपाल पंवार शामिल रहे। इस दौरान आप नेताओं ने मीडिया के उपस्थित पत्रकारों को खोजकीपुर गांव के पास यमुना में गिरने वाली ड्रेन दो के तट पर से लगभग दो घंटे तक कैमिकल युक्त काफी बदबूदार पानी का निरीक्षण कराया। यहां ये बात उल्लेखनीय है कि यहां गिरने वाले पानी से दूर से ही काफी बदबू आ रही थी और बदबू के कारण उस स्थान पर आप नेताओं का खड़ा होना भी मुश्किल हो रहा था। इधर, सुरेंद्र ने ने भाजपा पर आम जन के जुड़े हर मुद्दे पर केवल मात्र राजनीतिक रोटियां सीखने का आरोप लगाते हुए कहा कि लगभग आधा हरियाणा यमुना के आसपास के क्षेत्र में बसता है और यमुना क्षेत्र में रहने वाले लोग अच्छी तरह जानते हैं की वर्षों से यमुना के अंदर गंदा केमिकल युक्त जहरीला पानी बहाया जा रहा है।

### प्रशासन का ध्यान नहीं

आप नेताओं ने आरोप लगाते हुए बताया की ट्रेन नंबर दो में रात के अंधेरे में जारों अवैध कांटों द्वारा इंडस्ट्री का केमिकल तो युक्त गंदा पानी डाला जाता है जिसको रोजाना लोग देखते हैं लेकिन इस तरफ हरियाणा सरकार और प्रशासन का कोई भी ध्यान नहीं है। पानीपत के गंदे पानी का ट्रीटमेंट भी प्रॉपर रूप से कामयाब नहीं जिस कारण यहां गंदा पानी भी ड्रेन नम्बर दो में ही गिर रहा है। जिस कारण से पानीपत जिले के लगभग पांच दर्जन गांव का पानी खराब हो चुका है

## खेलों में बच्चों ने दिखाया दमखम


पानीपत। खेलों में विजेता रहे खिलाडी प्रसन्न मुद्रा में।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नेहरू युवा केंद्र माय भारत पानीपत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न खेल जैसे वॉलीबॉल, दौड़, लंबी कूद (पुरुषों के लिए) एंव खो-खो, लंबी कूद, दौड़ (महिलाओं के लिए) शिवाजी स्टेडियम मे आयोजित की गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद सुप्रसिद्ध समाजसेवी संदीप कुमार, कार्यकारी निर्देशक क्यू.पी.ए. तरुण लाहोट एवं बलराम कश्यप ने स्टेज से खिलाडियों का हौसला बढ़ाया। केंद्र के कार्यालय कार्यकारी एनवाईसी सार्थक ने प्रतियोगिता में कोई स्थान ना प्राप्त करने वाले खिलाडियों को निराश न होकर अगली बार और कोशिश करने का संदेश दिया। जिला युवा अधिकारी स्नेह लता ने बताया कि जिला स्तरीय विजेताओं को राज्य स्तर पर भेजा जाएगा।

### ओइए में प्लाट ट्रांसफर की समस्या का हल होगा

**पानीपत।** जिला सचिवालय में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में प्री बजट की बैठक में ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया के प्रधान सुनील तुली ने आपना पक्ष रखा। जिसमें ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया की प्लाट ट्रांसफर व प्लाट बंटवारे की समस्या रखी। जिसमें तुरन्त राजेश खुल्लर ने सभी दस्तावेज लेकर चंडीगढ पहुंचने के लिए बोला व जल्द हल करने का आश्वासन दिया। सुनील तुली ने एमई एमई कैपिटल सब्सिडी में ए कैटागिरी को सम्मलित करने की प्रार्थना की तथा एडवांस टैक्रोलौजीके लिए पानीपत में टूल रूप बनाने के लिए निवेदन किया। बात को मानते हुए राजेश खुल्लर ने सुनील तुली को मुख्यमंत्री के ओएसडी राज नेहरा को प्रपोजल सौंपने के लिए बोला।

### पहले दिन पॉट डेकोरेशन, पूजा की थाली को सजाना, बिना आग के खाना बनाना और रंगोली स्पर्धाओं का आयोजन किया

नव निर्माण, नव प्राण और नए हौंसले का प्रतीक है बसंत पंचमी का पर्व

# एसडी कॉलेज में 'बसंत आयो रे' उत्सव का आगाज विद्यार्थियों ने त्यौहार को हर्षोउल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** एसडी कॉलेज के विद्यार्थी अपने उत्पादों का प्रदर्शन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज में दो दिवसीय बसंत आयो रे उत्सव के पहले दिन विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बसंत पंचमी के त्यौहार को हर्षौल्लास के साथ मनाया। पहले दिन पॉट डेकोरेशन, पूजा की थाली को सजाना, बिना आग के खाना बनाना और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजन महिला प्रकोष्ठ, आईक्यूएसी, सोशल साइंस एसोसिएशन, एनएसएस और पर्यावरण बचाओ सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में हो रहा है। उप प्राचार्य डॉ.नवीन गोयल की अगुआई में विद्यार्थियों ने कॉलेज प्रांगण में देवी सरस्वती की पूजा अर्चना की और सभी के लिए मंगल कामना एवं जीवन में कामयाबी की प्रार्थना की। मां सरस्वती की वंदना करते हुए उप प्राचार्य डॉ.नवीन गोयल ने विद्यार्थियों को इन्टरनेट एवं मोबाइल पर उपलब्ध ज्ञान का सदुपयोग करने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रमों में प्रो.अन्नू आहूजा, डॉ.संतोष कुमारी, डॉ.मोनिका खुराना, प्रो.तन्नु मेहता, प्रो.निधि ने हिस्सा लिया। आज के विजेता प्रतिभागियों को कल नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। डॉ.नवीन गोयल ने कहा कि आज के दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। इस मौसम में सभी वृक्ष पुरानी पत्तियों को त्यागकर नई पत्तियों एवं पुष्पों को जन्म देते हैं। नव निर्माण, नव प्राण और नए हौंसले का प्रतीक है बसंत पंचमी का त्यौहार। वहीं डॉ.मोनिका खुराना ने बसंत पंचमी के महत्व पर बोलते हुए कहा कि प्राचीन भारत में पूरे साल को जिन छह मौसमों में बांटा जाता था। उनमें वसंत लोगों का सबसे चहेता मौसम था। इस दिन फूलों पर बहार आ जाती है। इधर, पॉट डेकोरेशन प्रथम पारस बीए प्रथम, द्वितीय पिंकी बीए तृतीय, तृतीय दीपांशु बीए प्रथम, सांत्वना मीनू बीएससी मेडिकल,निशांत बीए तृतीय। पूजा की थाली सजाने में प्रथम स्नेहा देसवाल एमए इकोनॉमिक्स, द्वितीय पूजा बीए तृतीय, तृतीय मोहित बीए प्रथम, सांत्वना रिया, बीए प्रथम रहे। वहीं बिना आग के खाना बनाना में प्रथम तनिषा बीए तृतीय इकोनॉमिक्स ऑनर्स, द्वितीय पूजा बीए तृतीय, तृतीय मधु बीए प्रथम, सांत्वना महक एमए अंग्रेजी, सानिया बीए प्रथम रहे। रंगोली में प्रथम मोहित बीए द्वितीय, द्वितीय पूजा बीए. तृतीय, तृतीय नीरू बीए द्वितीय, साहिल बीए तृतीय रहे।

## खबर संक्षेप

### तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव क्षेत्र के शास्त्री कॉलोनी कट के पास से अवैध हथियार रखने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी लखन उर्फ लक्की को अवैध देसी कट्टा व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए-2 को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार लेकर शास्त्री कॉलोनी पेट्रोल डिपो के आसपास खड़ा है। वह किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से अवैध हथियार जब्त किया।

### शराब सहित आरोपी काबू, मामला दर्ज

**अंबाला।** शराब तस्करी के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया। उसके कब्जे से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब जब्त की। अब उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अंबाला छावनी की रामकिशन कॉलोनी का रहने वाला आरोपी कर्ण शराब की तस्करी करता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 296 बोतल शराब जब्त की थी।

### हेरोइन के साथ महिला और पुरुष गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव एरिया में शाहपुर रेलवे फाटक के पास से नशा तस्करी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी हिम्मत सिंह व एक महिला को 100 ग्राम हेरोइन तथा गाड़ी सहित गिरफ्तार कर काबू किया है। पुलिस ने आरोपी महिला को 2 दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-1 को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते हैं। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदीकर आरोपियों को वाहन समेत काबू किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से सौ ग्राम हेरोइन जब्त की गई।

### पांच शिकायतों का हुआ समाधान

**अंबाला।** उपायुक्त कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम दर्शन कुमार ने लोगों की समस्याओं को सुनने का काम किया। शिविर के दौरान 7 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया गया। शेष बची 2 शिकायतों के निपटान के निर्देश दिए गए। इन शिकायतों मे प्रोपर्टी आईडी में त्रुटि से जुड़ी शिकायत के साथ अन्य समस्याएं भी थी। सुबह 10 से 12 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### बिजली शिकायतों का होगा निवारण

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अंभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 3 फरवरी 2025 को प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम यूएचबीवीएन कुरूक्षेत्र के अध्यक्ष राकेश कुमार खन्ना करेंगे।

### सुलभ शौचालयों का औचक निरीक्षण

**अंबाला।** एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने शुक्रवार को सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत सुलभ शौचालयों का औचक निरीक्षण करते हुए वास्तविकता जांची। सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत मुख्य सफाई निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके साथ-साथ उन्होंने अंबाला छावनी में प्रातः श्रमदान के दौरान जो सफाई व्यवस्था का कार्य किया था उसका भी जायजा लिया। एसडीएम ने सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत राय मार्केट के पीछे पार्किंग में बने सुलभ शौचालय के साथ पुरानी अनाज मंडी व बैंक स्कवेयर के पीछे बने सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची।

---

इमिग्रेशन विभाग से जानकारी ले रही पुलिस

# बसपा नेता हरबिलास की हत्या में वांटेड गैंगस्टर को एनकाउंटर का डर

- विदेश भागने की संभावनाओं पर जांच शुरू
- एसपी बोले-जल्द सच्चाई सामने आएगी
- शहजादपुर थाने में पकड़े गए बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज
- मुठभेड़ में बुलेट प्रूफ जैकेट की वजह से एएसआई की जान बची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा की हत्या में वांटेड गैंगस्टर वैकेंट गर्ग के विदेश भागने की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में यह बात सामने आई है कि गैंगस्टर ने गुरुग्राम में एक फर्जी पासपोर्ट भी बनवाया था। इसको लेकर उसके खिलाफ केस भी दर्ज किया गया है। हरबिलास के हत्यारों के खिलाफ पुलिस ने जिस अंदाज से कार्रवाई की उससे साफ है कि अब गैंगस्टर वैकेंट गर्ग को भी अपने एनकाउंटर का डर सता रहा है। जान बचाने के लिए उसके विदेश भागने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि इसकी सच्चाई जानने के लिए पुलिस इमिग्रेशन विभाग से जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। जानकारी मिलने के बाद ही इन संभावनाओं का सच सामने आएगा। एसपी सुरेंद्र सिंह भोरिया ने बताया कि जल्द ही वैकेंट गर्ग के विदेश भागने की सूचनाओं का पता चल जाएगा।


गैंगस्टर वैकेंट गर्ग | बसपा नेता हरबिलास

### टांगें टूटी फिर भी नहीं छोड़ी बदमाशी

गैंगस्टर वैकेंट गर्ग पर कुछ समय पहले ही जानलेवा हमला हुआ था। इस हमले में विरोधी गुट ने वेंकट गर्ग की दोनों टांगें तोड़ दी थी। पहले वैकेंट मोनू राणा गैंग से जुड़ा हुआ था। हालांकि अब वैकेंट ने मोनू राणा गैंग से अलग होकर अपना गैंग बना लिया था। अपने गैंग में वह नई उम्र के युवाओं को भर्ती कर रहा था। नए युवाओं के साथ मिलकर ही उसने हरबिलास रज्जूमाजरा की हत्या को अंजाम दिया है।

### मुठभेड़ में बाल-बाल बचा एएसआई

हरबिलास रज्जूमाजरा की हत्या में संलिप्त दो बदमाशों राजन व अभिषेक उर्फ मंगू को बीते रोज शहजादपुर के पास एसटीएफ व सीआईए वन की जांच टीम ने मुठभेड़ के दौरान काबू किया था। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने बदमाशों की टांगों पर गोलियां चलाकर उन्हें जख्मी कर दिया था। इस दौरान बदमाशों की ओर से हुई फायरिंग में एएसआई सुखबीर सिंह बाल बाल बच गए। बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से उनकी जान बच गई। बदमाशों की ओर से हुई फायरिंग में उन्हें दो गोली लगी थी। मगर ये गोलियां बुलेट प्रूफ जैकेट को भेद नहीं पाई। शहजादपुर थाने में सीआईए स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर हरजिंद्र सिंह की शिकायत पर कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

### एक दर्जन से ज्यादा केस दर्ज

गैंगस्टर वैकेंट गर्ग के खिलाफ विभिन्न थानों में एक दर्जन से ज्यादा हत्या, हत्या के प्रयास व रंगदारी मांगने के केस दर्ज हैं। आरोपी सभी मामलों में जेल की हवा खा चुका है। जमानत पर वह बाहर चल रहा था। अब उसने बसपा नेता की हत्या कर अपने गुनाहों की संख्या में इजाफा कर लिया। इस हत्याकांड में शामिल एक बदमाश का एनकाउंटर होने व दो बदमाशों के जख्मी होने के बाद से वैकेंट गर्ग अंडरग्राउंड हो गया है। पुलिस सरगर्मी से उसकी तलाश कर रही है। एसपी ने जल्द ही वैकेंट गर्ग को काबू करने की बात कही है। इसको लेकर पुलिस तमाम पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

---

# जगमग होंगे 20 पार्क, 3.93 करोड़ की लागत से लगेंगी लाइटें

नगर निगम की ओर से आमंत्रित किए गए टेंडर, जल्द शुरू होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के 20 पार्कों में नगर निगम की ओर से खूबसूरत लाइटें लगवाई जाएंगी। निगम की ओर से इन लाइटों को लगवाने के लिए टेंडर आमंत्रित किया गया है। इन लाइटों को 3.93 करोड़ का खर्च होने की बात कही जा रही है। इस समय अंबाला शहर में 154 से ज्यादा पार्क हैं।

इनमें से कई पार्कों को रेजीडेंट वेलफेयर सोसाइटी संभाल रही हैं तो कई पार्क का निगम रखरखाव कर रहा है। इन पार्कों में सुबह-शाम लोग टहलने के लिए आते हैं और कई पार्क ऐसे भी है, जहां काफी लोग सुबह व शाम को भ्रमण के लिए पहुंचते हैं। निगम सभी पार्क में सजावटी लाइट लगाएगा। वहीं, निगम आयुक्त सचिन गुप्ता भी पार्कों की हालत को सुधारने के लिए अधिकारियों को निर्देश दे चुके हैं। निगम की ओर से पार्कों के रखरखाव को लेकर आवेदन भी मांगे गए थे। निगम की ओर से पार्क की देखरेख करने वाली सोसाइटी को बजट भी दिया जाता है।शहर में अभी भी कई पार्क ऐसे हैं, जहां लाइट की व्यवस्था भी कम है तो कई पार्कों को सोसाइटी की ओर से बेहतरीन रखरखाव भी किया गया है। लाइट लगने के बाद पार्क रोशनी से जगमगाएंगे। पार्कों के रखरखाव के लिए निगम की ओर से लगातार कार्य किया जा रहा है। वहीं, निगम 11 से 20 वार्ड तक पार्कों में सिविल वर्क भी करवाएगा। इसके लिए बजट भी पास हो चुका है। इस कार्य में बेंच, चारदीवारी को ठीक करवाया जाएगा। कई पार्क में पैदल चलने वाला पथ भी खराब है।

---

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत जरूरी

- अंतर जिला आदान प्रदान कार्यक्रम का हुआ समापन

**अंबाला।** नेहरू युवा केंद्र अंबाला युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में अंतर जिला आदान-प्रदान कार्यक्रम 27 से 31 जनवरी तक किया गया। इस कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि अंबाला के नगराधीश पूजा कुमारी उपस्थित रही। जिला युवा अधिकारी अर्शदीप ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ दे कर स्वागत किया। नगराधीश पूजा कुमारी ने


**अंबाला।** मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते आयोजक।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि हमें अपने जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए लगन से मेहनत करनी चाहिए और तब तक नही रुकना जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ मुख्य अतिथि से अपने प्रशन पूछे।प्रतिभागियों ने अपने 5 दिन के कार्यक्रम का फीड बैक दिया एवं अंबाला की संस्कृति की जानकारी विस्तारपूर्वक बताई।मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागयिओं को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। मंच का संचालन प्रोफसर सुखबीर सिंह ने बाखूबी निभाया। प्रिंसिपल राजकीय कॉलेज खुशीला, दिव्या जोशी और नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

---

10,000 से ज्यादा बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू

# 362 उपभोक्ताओं के घर का कनेक्शन कटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

बिजली निगम ने डिफाल्टर उपभोक्ताओं पर सख्ती से कार्रवाई करते हुए बिजली कनेक्शन काटने शुरू कर दिए हैं। इनमें वे उपभोक्ता शामिल हैं जिनके 10 हजार रुपये से अधिक बिजली बिल बकाया है। अधोया बिजली निगम ने बीते दिसंबर व जनवरी महीने में 362 डिफाल्टर उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटकर उनकी बत्ती गुल कर दी है । इन 362 डिफाल्टरों पर विभाग का 2 करोड़ 56 लाख रुपये बकाया था । निगम अधिकारियों का कहना है कि नोटिस भेजने के बाद भी उपभोक्ता बकाया बिजली बिल जमा नहीं कर रहे हैं। इसलिए अब निगम ने बिजली कनेक्शन काटने का कड़ा फैसला लिया है । इस कार्रवाई के बाद 1640


28 फरवरी तक नए उपभोक्ताओं के खिलाफ शुरू होगी कार्रवाई

एसडीओ विशाल सैनी।

डिफॉल्टर उपभोक्ताओं ने बीते दिसंबर और जनवरी माह के दौरान 3 करोड़ 6 लाख रुपये का भुगतान किया है।

बीते दो महीने में 3 करोड़ 6 लाख की रिकवरी होना भी अधोया बिजली निगम की बड़ी सफलता है। अधोया बिजली विभाग निगम केवल डिफाल्टर उपभोक्ताओं पर ही सख्त नहीं है बल्कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ भी जीरो टोलरेंस की निति अपना रहा है। अधोया बिजली विभाग ने बीते दिसंबर बिजली चोरी कर रहे लोगों से 15.50 लाख रुपये जुर्माना वसूला है। जबकि जनवरी महीने में यह जुर्माना 6.50 लाख वसूला गया है। जिन डिफाल्टरों के बिजली कनेक्शन बिल न भरने पर कट जाएंगे। उन्हें दोबारा कनेक्शन लेने के लिए बकाया बिल तो भरना ही होगा साथ ही नए कनेक्शन की पूरी प्रोसेस से गुजरना होगा। उनको दोबारा वे सभी चार्ज देने होंगे जो नए कनेक्शन के समय लगाए जाते हैं। एसडीओ विशाल सैनी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार सभी डिफाल्टर उपभोक्ताओं का कनेक्शन 28 फरवरी तक काट दिया जाएगा। इससे बचने के लिए 10 हजार रूपए से ज्यादा के बिजली बिल बकायादारों को बिल भरना ही होगा । अपील की जाती है ऐसे सभी उपभोक्ता अपना बिल भर दें ।

---

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने किया अलग-अलग विकास कार्यों का शिलान्यास

# अंबाला शहर के वार्ड नंबर 1 को मिली 1.30 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर विधानसभा के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों का पहिया तेज गति के साथ घूम रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के नेतृत्व में अंबाला शहर विधानसभा में आए दिन करोड़ों रुपयों के विकास कार्यों के नींव पत्थर रखे जा रहे हैं। शुक्रवार को भी पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने वार्ड नंबर 1 के ग्रामीण क्षेत्र को 1 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात दी। बता दें कि पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने वार्ड 1 के गांव मानकपुर,डडियाना और देवीनगर में एससी चौपाल,स्ट्रॉम


**अंबाला।** विकास योजनाओं का शिलान्यास करते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

वाटर ड्रेन,गलियों के निर्माण सहित अन्य कार्यों के शिलान्यास किए। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने कहा कि तीनों गांवों में लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार पूरे प्रदेश में विकास करवाने के लिए कृतसंकल्प है। इसी के अंतर्गत गांवों में भी सुविधाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा सहित कई पार्षद व भाजपा नेता मौजूद रहे।

### कांग्रेस समाप्त हो जाएगी पर गुटबाजी नहीं

हरियाणा में गुटबाजी दूर करने के लिए कांग्रेस मास्टर प्लान तैयार कर रही है। इस बात को लेकर भी मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए असीम गोयल ने कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष किया। असीम गोयल ने कहा कि जब तक ये मास्टर प्लान तैयार करेंगे तब तक कांग्रेस ही समाप्त हो जाएगी,गुटबाजी समाप्त नहीं होगी। वहीं दिल्ली चुनाव और यमुना पार छिड़ी सियासत को लेकर असीम गोयल ने कहा कि केजरीवाल अपनी बातों से राजनीति को भी गंदा कर रहे हैं। केजरीवाल के पास न नेता है न नीति है। दिल्ली को केजरीवाल जैसा नेता चाहिए भी नहीं।

---

# जगाधरी रोड पर सफाई अभियान, कर्मियों ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी में नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने विभिन्न स्थानों पर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने हर जगह से कूड़ा-कर्कट ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर सड़कों को बेहतर तरीके से साफ किया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने स्वच्छता को स्वच्छ जीवन का आधार बताते हुए कहा कि स्वच्छता केवल शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़ी हुई नहीं है बल्कि यह मानसिक और सामाजिक समृद्धि में भी


**अंबाला।** सड़कों की सफाई करते नगर परिषद के कर्मचारी।

अहम भूमिका निभाती है। एक स्वच्छ वातावरण में न केवल बीमारियों का खतरा कम होता है बल्कि यह हमें साकारात्मक ऊर्जा एवं प्रगति की राह पर ले जाता है। उपमंडल स्तर पर हर शुक्रवार को प्रातः श्रमदान कार्यक्रम चलाया जाता है जिसमें नगर परिषद, नगर निगम, सेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन, सामाजिक संस्थाओं व स्थानीय नागरिकों को साथ लेकर श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। इस श्रमदान कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करना और उनके भीतर स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना है। श्रमदान कार्यक्रम के माध्यम से उपायुक्त का यह भी संदेश है कि स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों से संभव नही है, इसे समाज के हर व्यक्ति की सामुहिक जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करना है।

---

# श्री गुरु रविदास के पावन पर्व पर निकाला जाएगा भव्य नगर कीर्तन, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

श्री गुरु रविदास जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 2 फरवरी को यहां भव्य एवं विशाल ब्लॉक स्तरीय नगर कीर्तन निकाला जाएगा। आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, और नगर कीर्तन समिति ने अंतिम रूप दे दिया है। पूरे बाजार को फूलों और लाइटों से आकर्षक रूप से सजाया गया है। श्री गुरु रविदास नगर कीर्तन वेलफेयर सोसायटी के प्रधान मास्टर गुलशन कुमार ने बताया कि नगर कीर्तन का शुभारंभ बराड़ा की


**बराड़ा।** बैठक में भाग लेते हुए सदस्य। फोटो : हरिभूमि

अनाज मंडी से होगा। यह नगर कीर्तन रेलवे ओवरब्रिज, बराड़ा गांव, श्री गुरु रविदास चौक, महाराणा प्रताप चौक, मुख्य बाजार, राजौली रोड से होते हुए मौजगढ़ गांव में संपन्न होगा। संत मनदीप दास जी (डेरे सिरसगढ़) और संत निर्मलदास जी (डेरे कपाल मोचन) हरी झंडी दिखाकर नगर कीर्तन को रवाना करेंगे। उपप्रधान शमशेर सिंह ने बताया कि श्री गुरु रविदास ग्रंथ साहिब को पालकी साहिब में सुशोभित किया जाएगा। कैशियर मास्टर लहरी सिंह ने कहा कि हर साल ब्लॉक के विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्जनों ट्रॉलियों के साथ नगर कीर्तन में शामिल होते हैं। कमल बराड़ा ने बताया कि यह नगर कीर्तन गुरु मर्यादा के अनुसार पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ निकाला जाएगा। नगर कीर्तन के दौरान बैंड और गतका पार्टियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कीर्तनी जत्थे अनाज मंडी और नगर कीर्तन मार्ग में श्री गुरु रविदास जी की वाणी का गुणगान करेंगे।

---



**अंबाला।** एनएसएस शिविर की शुरूआत पर मौजूद अधिकारी।

# स्वयंसेवकों में नैतिकता-सामुदायिकता जैसे बहुमूल्य गुणों की भावना का होता है विकास

**अंबाला।** मुरलीधर डीएवी पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय जिला स्तरीय एनएसएस शिविर का उद्घाटन जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने किया। शिविर का प्रारंभ दीप प्रज्वलन तथा गणेश वंदना से हुआ। तद्उपरांत सभी ने उठे समाज के लिए उठें उठें लक्ष्य गीत गाया। सुरेश कुमार ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों के आयोजन से स्वयंसेवकों में नैतिकता, सामुदायिकता जैसे बहुमूल्य गुणों की भावना का विकास होता है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

जागरूकता | आरटीए एवं पुलिस का मकसद चालान काटना नहीं, बल्कि नियमों की पालना करवाना

# आरटीए ने वाहन चालकों को बांटे हेलमेट, कहा जानी नुकसान से बचने के लिए बेहद जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नेशनल रोड़ सेफ्टी कार्यक्रम के तहत आरटीए सुशील कुमार व उनकी टीम में शामिल सदस्यों द्वारा कालका चौक व अंबाला छावनी में दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेल बांटे गए। बिना हेलमेट के ही ये चालक अपने वाहन चला रहे थे। आरटीए सुशील कुमार ने बताया कि 1 से 31 जनवरी तक सडक़ सुरक्षा सप्ताह मनाते हुए एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे सचेत करते हुए उनकी अनुपालना करने बारे कार्य किया गया हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को वाहन चालकों को हेलमेट उपलब्ध करवाए गए ताकि जब भी वे सावधानी से वाहन चला सके। उन्होंने कहा कि हेलमेट का प्रयोग करके हम काफी सुरक्षित रह सकते हैं। आमतौर पर


**अंबाला।** वाहन चालकों को हेलमेट बांटते आरटीए सुशील व अन्य। फोटो : हरिभूमि

सडक़ दुघर्टना में सिर में चोट लगने के कारण वाहन चालक व्यक्ति की कइ बार मृत्यु हो जाती है। हेलमेट के साथ-साथ हमें अन्य यातायात सम्बधी नियमों की पालना दृढता से करनी होगी। नियमों की पालना करके काफी हद तक सडक़ दुघर्टनाओं को रोका जा सकता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस विभाग द्वारा भी समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की पालना करने बारे पे्ररित करने का काम किया जाता है। आरटीए एवं पुलिस विभाग का मकसद चालान काटना नहीं है बल्कि नियमों की पालना करवाना है। हमें स्वयं नियमों की पालना करनी है। दूसरों को भी नियमों की पालना बारे जागरूक करना है। आरटीए ने कहा कि उनके विभाग द्वारा जनवरी माह में नेशनल रोड़ सेफ्टी अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरू क करने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में विभाग द्वारा कालका चौक व अंबाला छावनी में हेलमेट बांटे गए।